कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री रिंकू सैनी पुत्र श्री रामजीलाल सैनी निवासी ग्राम पोस्ट गीजगढ तहसील सिकराय जिला दौसा राजस्थान– 303502

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 50/2026

निर्णय

दिनांक 23.04.2026

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश प्रदान किये गये।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2026/1126 दिनांक 09.04.2026 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा ने पत्र कमाकःआरटीआई/2026/276 दिनांक 10.4.2026 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को वांछित सूचना जरिये पत्र कमांकः1309 दिनांक 01.042026 के द्वारा अपीलांट को प्रेषित की जा चुकी है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(डॉ.सौम्या झा)
जिला कलक्टर, दौसा